# मोदी के स्वदेशी मंत्र का गवाह बनेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

- ग्रेटर नोएडा में ट्रेड शो का प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उद्घाटन
- रूस है पार्टनर देश, 2500 से अधिक प्रदर्शक व 500 विदेशी खरीदार




ग्रेटर नोएडा : इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी इनवेस्ट का स्टाल। जागरण

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और वैश्विक बाजार में उन उत्पादों को स्थापित करने पर जोर दे रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में गुरुवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) प्रधानमंत्री के स्वदेशी मंत्र का भी गवाह बनेगा। सुबह करीब नौ बजे मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में लगे शो में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के उत्पादों के साथ ही एमएसएमई, आइटी, स्टार्टअप, डिफेंस व एयरोस्पेस, हस्तशिल्प व हथकरघा, फार्मा, सिविल एविएशन, पर्यटन, सरकारी विभागों के स्टाल लगे हैं। प्रधानमंत्री ट्रेड शो में लगे स्टाल का भ्रमण कर कारीगरों और उद्यमियों के साथ बात भी करेंगे। इसके बाद उद्यमी, कारोबारी, कारीगर व आमजन को संबोधित करेंगे। रूस को इस बार पार्टनर देश बनाया गया है। रूस की 30 बड़ी कंपनियों के उद्यमियों की उत्तर प्रदेश के आलाधिकारियों व उद्यमियों के साथ बैठक होगी। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना ही नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफार्म तैयार करना भी है। ट्रेड शो में भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू लोक परंपराओं के रंगीन प्रदर्शन के साथ सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत का आनंद लेंगे।

विभिन्न बैंकों की शाखाओं को 3500 करोड़ का ऋण देने का लक्ष्य मिला है। इसमें से 20 लोगों को सीएम युवा उद्यमी योजना, होम लोन, पीएम सूर्यघर के तहत ऋण के चेक दिए जाएंगे।

## तीन वर्षों में दोगुना हुआ ट्रेड शो का आकार

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि पहले संस्करण में 1914 प्रदर्शक व 400 विदेशी खरीदार थे। दूसरे में 2122 प्रदर्शक, 350 विदेशी खरीदार और पांच लाख लोग शामिल हुए थे। 2200 करोड़ से अधिक के निर्यात आर्डर और 40 करोड़ से ज्यादा की बिक्री हुई थी। तीसरे संस्करण में 2500 प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार और पांच लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है।